**Regd. Office:** A-97/2, Okhla Industrial Area, Phase-II, New Delhi-110020, INDIA
**CIN:** L25209DL1971PLC005535
**Tel. No.:**+91-11-47385300
**Email:** pearl@pearlpet.net, **Website:** www.pearlpet.net

November 13, 2024

| | |
|---|---|
| **National Stock Exchange of India Ltd.**<br>Exchange Plaza, 5th Floor<br>Plot No. C1, G Block<br>Bandra, Kurla Complex<br>Bandra (East), Mumbai- 400051<br><br>**(Stock Code: PEARLPOLY)** | **BSE Ltd.**<br>Phiroze Jeejeebhoy Towers,<br>25th Floor, Dalal Street,<br>Mumbai-400001<br><br>**(Stock Code: 523260)** |

Dear Sir/Madam,

**Sub: Publication of financial results in Newspaper(s)**

**Ref: Regulation 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015**

We are enclosing copy of newspaper publication(s) with regard to the financial results for the quarter and half year ended 30th September, 2024, as approved by the Board of Directors of the Company in its meeting held on 12th November, 2024 published in the following newspapers:

a) English language National daily newspaper: 'Financial Express', dated November 13, 2024

b) Regional Language daily newspaper: 'Hari Bhoomi' dated Npvember 13, 2024.

We request you to kindly take the same on record.

Thanking you,

Yours faithfully,
For Pearl Polymers Limited

AMAN THAKRAN Digitally signed by AMAN THAKRAN Date: 2024.11.13 11:05:50 +05'30'

Aman Thakran
Company Secretary

Encl: As above

## खबर संक्षेप

### मंदिर निर्माण के लिये रखे 12 लाख चोरी



**नई दिल्ली।** दक्षिण दिल्ली के फतेहपुर बेरी इलाके में मंदिर निर्माण के लिये रखे गये 12 लाख रुपये चोरी होने का मामला सामने आया है। पुलिस को मामले की शिकायत मिली है। केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस के अनुसार यह मामला रविवार को सामने आया था। फतेहपुरबेरी थाने को एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई कि मांडी गांव के एक मंदिर में चोरी हो गई है। जांच करने पर पता चला कि मांडी गांव के एक मंदिर में एक कमरा पीछे की तरफ बना हुआ है। पुजारी सुभाष गिरी (62) निवासी ग्राम डिगारिया, जिला दौसा, राजस्थान उस कमरे में अकेले रहते हैं। 7 नवंबर को वह अपने निजी काम से राजस्थान गये थे और 10 तारीख को लौटे। कमरे पर पहुंचने पर उन्होंने पाया कि 12 लाख रुपये गायब थे। मेन मंदिर के भीतर कोई चोरी नहीं हुई है। इस संबंध में मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

### पांच राउंड वाली एक पिस्टल और चोरी की बाईक बरामद

# 27 मामलों में शामिल अपराधी किया अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

अपराध शाखा द्वारा समयपुर बादली थाने के हत्या एवं डकैती के प्रयास के मामले में वांछित बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपी संतोष बहादुर थापा (35) नांगलोई थाने के एक अन्य हत्या के प्रयास मामले में जुलाई माह में पैरोल पर बाहर आया था। इसके पास से पांच राउंड वाली एक पिस्टल और चोरी की मोटर साइकिल बरामद हुई है। यह बदमाश करीब 27 मामलों में शामिल बताया जाता है।

डीसीपी सतीश कुमार के अनुसार आकाश सिंह निवासी प्राइमरी स्कूल वाली गली, गांव बादली ने इसके खिलाफ शिकायत दी थी। उसने बताया कि 29 सितंबर को सुबह लगभग 9:45 बजे जब



वह सेक्टर 18-19, रोहिणी स्थित मेट्रो स्टेशन की ओर जा रहा था तभी बादली के प्राइमरी स्कूल के पास दो बदमाशों ने पीछे से आकर उसकी गर्दन पर चाकू रख दिया। बाद में उसके पेट के निचले हिस्से और जांघ पर वार किये गये थे। बदमाशों ने उसका मोबाइल फोन लूट लिया था। आकाश ने हमलावरों में से एक की पहचान संतोष बहादुर थापा के रूप में की थी, जिसने चाकू से हमला किया था। जांच के दौरान एक अन्य संदिग्ध अजय को गिरफ्तार कर लिया गया था, जबकि आरोपी संतोष बहादुर थापा फरार था। हाल ही में थापा के ठिकाने के बारे में पुलिस को जानकारी मिली। इसके बाद रोहिणी इलाके से दबोच लिया गया। आरोपी संतोष बहादुर थापा उर्फ रोहित ने पूछताछ में खुलासा किया कि वह व्यक्तिगत विवादों के कारण आजकल रोहतक में रहने वाली अपनी भाभी को मारने की योजना बना रहा था।

# सब इंस्पेक्टर रिश्वत के आरोप में गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

लक्ष्मी नगर पुलिस स्टेशन के सब-इंस्पेक्टर को दिल्ली पुलिस की विजिलेंस टीम ने रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपी एसआई श्रीपाल रिश्वत की पहली किस्त 10 हजार रुपये लेते हुये पकड़ा गया। एसआई यूपी के गाजियाबाद का रहने वाला है और साल 1989 में बतौर कांस्टेबल दिल्ली पुलिस में शामिल हुआ था। उसे 2023 में सब-इंस्पेक्टर के पद पर पदोन्नत किया गया था। सितंबर 2024 में उसे इस थाने में तैनाती मिली थी।

विजिलेंस विभाग की तरफ से बताया गया कि 11 नवंबर को एक शिकायतकर्ता विजिलेंस विभाग, बाराखंभा रोड ऑफिस में आया। उसने शिकायत दी कि वह कृषि उत्पादों के थोक व्यवसायी है। जुलाई माह में कर्नाटक और बंगाल के कुछ कथित व्यक्तियों द्वारा उसके साथ धोखाधड़ी की गई थी। उन्होंने लक्ष्मी नगर में इस मध्य शिकायत दी थी। केस एसआई श्रीपाल को सौंपा गया था। उनकी शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही थी तो वह एसआई के पास गये। एसआई ने कथित व्यक्तियों को नोटिस जारी करने के एवज में 20 हजार रुपये रिश्वत की मांग की थी। उक्त राशि की पहली किस्त के रूप में 10 हजार रुपये देने के लिए उन्हें बुलाया गया था। छापेमारी दल का गठन कर जाल बिछाया गया। शाम लगभग 5.40 बजे एसआई श्रीपाल ने शिकायतकर्ता को लक्ष्मी नगर थाने के अपने कार्यालय के अंदर बुलाया और रिश्वत की मांग की, जिसे शिकायतकर्ता ने एसआई को सौंप दिया। इस पूरी कार्यवाही को एक स्वतंत्र गवाह ने देखा, जो छापेमारी दल का हिस्सा था। विजिलेंस टीम तुरंत हरकत में आई और एसआई श्रीपाल को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर रिश्वत की रकम के करेंसी नोट उसकी शर्ट की जेब से बरामद किये गये। कोर्ट में पेश करने पर उन्हें न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 सीआरपीसी देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **श्री जयदीप कुमार, पुत्र श्री मदन लाल निवासी ए-49, अलीपुर, बैंक ऑफ बड़ौदा के पास, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 9604/18 धारा 138 एनआई एक्ट, थाना नॉर्थ रोहिणी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **श्री जयदीप कुमार** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **श्री जयदीप कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है **कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 9604/18 धारा 138 एनआई एक्ट, थाना नॉर्थ रोहिणी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **श्री जयदीप कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **17.12.2024** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

आवेशानुसार
ईब्बानी अग्रवाल
न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी-03 उत्तर-पश्चिम, कमरा नं.107,
दि.पु./14202/रोहिणी जिला/2024 प्रथम तल, रोहिणी कोर्ट्स, दिल्ली



**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 सीआरपीसी देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **महेंद्र सिंह गुसाईं, पुत्र के.एस. गुसाईं निवासी क्वार्टर नं.62, सेक्टर-3, एम.बी. रोड, पुष्प विहार, दिल्ली** ने **सीसी नं.2534/19 धारा 138 एनआई एक्ट, थाना भजन पुरा, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **महेंद्र सिंह गुसाईं** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **महेंद्र सिंह गुसाईं** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है **कि सीसी नं.2534/19 धारा 138 एनआई एक्ट, थाना भजन पुरा, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **महेंद्र सिंह गुसाईं** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **13.12.2024** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

आवेशानुसार
श्री पंकज राय
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-01, कमरा नं.73, पाँचवा तल,
दि.पु./14058/उत्तर पूर्व/2024 उत्तर पूर्व जिला, कड़कड़डूमा कोर्ट्स, नई दिल्ली


### एलजी ने दिए परीक्षा पास कर चुके 2346 होम गार्ड की तुरंत नियुक्ति के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना ने मंगलवार को एक फैसले में 2346 होम गार्ड की तुरंत नियुक्ति के निर्देश दिए हैं। इस बारे में राजनिवास सचिवालय द्वारा दी गई जानकारी अनुसार एलजी ने उन होम गार्ड की नियुक्ति के निर्देश दिए है, जिन्होंने पहले शारीरिक माप और दक्षता परीक्षण के साथ लिखित परीक्षा पास कर ली है। एलजी के इस फैसले से उत्तीर्ण हो चुके उपरोक्त 2346 अभ्यर्थियों को अब बेवजह इंतजार नहीं करना पड़ेगा। सचिवालय के अनुसार अभी 7939 अन्य रिक्तियां शेष है लेकिन इनको भरने के लिए अदालत में लंबित दो मामलों के अंतिम फैसले का इंतजार किया जा रहा है। इस मामले पर उपराज्यपाल ने सभी उत्तीर्ण उम्मीदवारों के लिए एक सप्ताह के अंदर एक विशेष मेडिकल कैंप आयोजित कर सभी योग्य उम्मीदवारों को जल्द से जल्द नियुक्ति पत्र सौंपने का भी निर्देश दिया है। गौरतलब है कि उपराज्यपाल ने इससे पहले जनवरी 2024 में महिलाओं के लिए 33.33 प्रतिशत आरक्षण के प्रावधानों के साथ 10,285 होमगार्ड वॉलिंटियर्स के नामांकन को मंजूरी दी थी। जानकारी अनुसार इसके बाद, 23 जनवरी 2024 को इन 10,285 रिक्तियों को भरने के लिए एक विज्ञापन जारी किया गया था, जिसमें 1,09,001 आवेदकों ने आवेदन किया था। लेकिन केवल 32,511 ने पीएमईटी के लिए रिपोर्ट किया था। इसके बाद, कुछ आवेदकों ने विभिन्न मुद्दों पर हाईकोर्ट का रुख किया, जिसके तहत कोर्ट ने यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया था। हालांकि 2346 उम्मीदवार कोर्ट के आदेश से उपजी स्थिति से अछूते थे और इन्हीं उम्मीदवारों के मेडिकल परीक्षण के बाद उपराज्यपाल ने उनकी नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि उन्हें अपनी नियुक्तियों में किसी भी तरह की अनुचित देरी का सामना न करना पड़े। सक्सेना ने महानिदेशक, होमगार्ड को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि संबंधित मामलों में हाईकोर्ट के निर्णयों का संज्ञान लेते हुए शेष 7939 रिक्तियों को भी जल्द से जल्द भरा जाए।

### आज दिल्ली में पहली बार यमुनाघाट होगा 3.51 लाख दियों से जगमग

- एलजी ने की अयोध्या-काशी की तर्ज पर शुरुआत

**नई दिल्ली।** दिल्ली में पहली बार यमुना घाट 3.51 लाख दियो से जगमग होगा। इस विशेष अवसर पर उपराज्यपाल व दिल्ली विकास प्राधिकरण के चेयरमेन विनय कुमार सक्सेना मौजूद होंगे और खुद यमुना जी की आरती करेंगे। यह ठीक उसी प्रकार होगा जिस प्रकार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में अयोध्या में सरयू किनारे भगवान श्री राम की पौंडी पर लाखों दिये जलाए जाते है। जबकि इसी प्रकार काशी में गंगा किनारे भी दीपोत्सव मनाया जाता है। एलजी सक्सेना ने भी अयोध्या और काशी की तर्ज पर अब दिल्ली में यमुना घाट पर बने वासुदेव घाट पर दीपोत्सव की शुरूआत की है। जिसके बाद पहली बार बुधवार 13 नवंबर 2024 को वासुदेव घाट पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में साढ़े तीन (3.50) लाख दिये जलाए जाएगें। इसके अलावा यमुनाघाट पर रोशनी और भक्ति का अद्भुत संगम भी देखने को मिलेगा। पहले दीपोत्सव को यादगार बनाने के लिए कार्यक्रम में ड्रोन और लेजर शो द्वारा मनमोहक प्रस्तुति की जाएगी जो अपने आप में विशेष आकर्षण का केंद्र होगा। यह आयोजन देव दीपावली 15 नवंबर 2024, गुरु पर्व, और भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती से पूर्व आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का आयोजन कश्मीरी गेट आईएसबीटी के पास पुनर्विकसित किए गए वासुदेव घाट पर होगा। आयोजन में विभिन्न क्षेत्रों से आए रहवासी, विद्यार्थी और विभिन्न कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। वासुदेव घाट पर स्थित बारादरी में भव्य राम दरबार का मंचन किया जाएगा। दिल्ली के उपराज्यपाल द्वारा मार्च 2024 में उद्घाटित वासुदेव घाट, उनकी यमुना और नदी के बाढ़ क्षेत्र के पुनरुद्धार के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है। इनका उद्देश्य से शहर के लोगों को नदी के समीप लाना और उन्हें नदी की सफाई में भागीदार बनाना है। दिल्ली दीपोत्सव आध्यात्मिकता और पर्यावरणीय स्थिरता के संगम को प्रदर्शित करेगा। वासुदेव घाट भारत की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को प्रदर्शित करता है, जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से लाई गई मूर्तियां और कलाकृतियां शामिल हैं। इस वर्ष की शुरुआत से घाट पर आयोजित होने वाली भव्य यमुना आरती, जो प्रति सप्ताह दो बार होती है, अब एक आकर्षक ड्रोन शो के साथ और भी भव्य व आध्यात्मिक वातावरण को और भी दिव्यं करेगी। रोशनी, साउंड और साउंड शो के इस अद्भुत तालमेल से यह आयोजन एक यादगार क्षण होगा। वासुदेव घाट में सुसज्जित उद्यान, कच्चे पैदल मार्ग आदि स्थान विकसित किए गए हैं, जिससे यह एक आदर्श सार्वजनिक हरित क्षेत्र के रूप में स्थापित हुआ है। यह घाट दिल्ली के उपराज्यपाल के मार्गदर्शन में डीडीए द्वारा शहरभर में विकसित किए जा रहे अन्य खुले सार्वजनिक स्थलों के समान तैयार किया गया है।

### दिल्ली भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने उपराज्यपाल से की मुलाकात की

- ज्ञापन में बीएसईएस कंपनियों के कामकाज में घोटाले का लगाया आरोप
- उपराज्यपाल से की जांच और कार्रवाई की मांग की

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा के नेतृत्व में एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना से मुलाकात की और बीएसईएस के दो पावर डिस्कॉम्स के कामकाज में घोटाले का आरोप लगाते हुए जांच और कार्रवाई की मांग की। प्रतिनिधिमंडल में वीरेन्द्र सचदेवा के अलावा, दिल्ली विधानसभा में नेता विपक्ष विजेन्द्र गुप्ता, सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी, योगेंद्र चंदोलिया, कमलजीत सहरावत, प्रवीण खंडेलवाल और मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर भी शामिल थे। सचदेवा ने ज्ञापन सौंपने के बाद कहा कि दिल्ली के तीन पावर डिस्कॉम्स एक सी शर्तों पर बिजली खरीदते और बेचते हैं, लेकिन एक लाभ में है जबकि अन्य दो नुकसान में हैं और वे दिल्ली सरकार की दो पावर जनरेशन कंपनियों प्रगति पावर और इंद्रप्रस्थ पावर को अपने बकाया का भुगतान नहीं कर रहे हैं, जिसकी जांच होनी चाहिए। नेता विपक्ष विजेन्द्र गुप्ता ने कहा कि उपराज्यपाल को प्रस्तुत किए गए तथ्य स्पष्ट रूप से आम आदमी पार्टी सरकार की घातक भूमिका की ओर इशारा करते हैं। जाहिर है कि दिल्ली सरकार अपने निजी भागीदारों के साथ मिलकर पावर डिस्कॉम्स में जनता के धन की लूट में शामिल है। दिल्ली भाजपा सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी, योगेंद्र चंदोलिया, कमलजीत सेहरावत और प्रवीण खंडेलवाल ने आरोप लगाया कि पहले केजरीवाल सरकार और अब आतिशी सरकार ने पावर डिस्कॉम्स और दिल्ली जल बोर्ड को लूटा है और सत्ताधारी पार्टी को किक बैक प्राप्त करने की सम्भावना दिखती है। सांसदों ने कहा कि यह आश्चर्यजनक है कि दिल्ली में एक टाटा समूह द्वारा संचालित पावर डिस्कॉम लाभ में है, जबकि बीएसईएस द्वारा संचालित दो डिस्कॉम्स घाटे में हैं, जो विश्वास से परे है। दिल्ली भाजपा मीडिया प्रमुख ने कहा कि हम जल्द ही इस मुद्दे को घर-घर ले जाएंगे ताकि लोगों को बताया जा सके कि कैसे केजरीवाल सरकार ने पावर डिस्कॉम्स के साथ मिलकर उनकी लूट की है। भाजपा की मांग है कि लंबित बकाया राशि 26,000 करोड़ रुपये की वसूली में देरी के कारणों की जांच की जाए। लंबित बकाया की वसूली के लिए तुरंत और प्रभावी कदम उठाने का निर्देश दिया जाए। दिल्ली सरकार से नियामक संपत्तियों और राजस्व घाटे को लेकर उठाए गए कदमों पर स्पष्टीकरण मांगा जाए। बीएसईएस डिस्कॉम्स के मामलों की विशेष जांच इकाई द्वारा जांच कराई जाए और दिल्ली सरकार को बीएसईएस डिस्कॉम्स के लाइसेंस रद्द करने के निर्देश देने का आदेश दिया जाए।

# मोती नगर के डकैती केस में शामिल चार पकड़े

- आठ लोगों ने दिवाली से दो दिन पहले की थी वारदात

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

मोती नगर पुलिस ने डकैती की वारदात में शामिल चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। आठ लोगों ने दिवाली से दो दिन पहले वारदात को अंजाम दिया था। पकड़े गये बदमाशों के नाम पंकज कुमार, राकेश, राजेंद्र प्रसाद और श्याम बाबू बताये गये हैं। इनके पास से सोने के गहनें और 50 हजार रुपये कैश बरामद किया गया है। बचे चार आरोपियों की तलाश जारी है।



पुलिस के अनुसार 28 अक्टूबर को शाम के समय बदमाशों ने एक घर में घुसकर करीब 11 लाख रुपए कैश और ज्वेलरी लूटी थी। वारदात के समय इन्होंने घर के सदस्यों को डराने के लिए हथियार भी दिखाये थे। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों के फुटेज और टेक्निकल सर्विलांस की मदद से एक एक कर चार बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। बाकी के बारे में छानबीन जारी है। सभी आरोपी उत्तर प्रदेश के गोंडा के रहने वाले हैं। दिल्ली के अलग-अलग इलाकों में कुक और हेल्पर के रूप में काम करते थे। गिरफ्तार किया गया आरोपी पंकज पीड़ित के घर में डेढ़ साल से काम कर रहा था। उसी ने डकैती की पूरी प्लानिंग तैयार की थी।

### एलजी के हस्तक्षेप के बाद लंबित पड़े हजारों आवेदनों में से सात हजार को मिला बिजली कनेक्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

लंबे समय दिल्ली में हजारों लोग बिजली के मीटर के लिए प्रतीक्षा कर रहे थे। निजी बिजली आपूर्ति कंपनियों बीएसईएस और टाटा पावर डीडीएल के पास करीब 10,802 उपभोक्ताओं ने नया बिजली कनेक्शन लगाने के लिए आवेदन कर रखा था। राजनिवास के अनुसार एलजी द्वारा गत दिनों सख्त निर्देश दिए थे कि जिन लोगों ने आवेदन किया हुआ है उन्हें अविलंब नया बिजली कनेक्शन दिया जाए। उसके बाद बिजली कंपनियों ने इस पर अमल करना शुरू किया। राजनिवास के अनुसार बीएसईएस और टाटा पावर डीडीएल के अधिकार क्षेत्र में 10,802 उपभोक्ताओं ने बिजली कनेक्शन के लिए आवेदन कर रखा था। इनमें से दोनों पावर डिस्कॉम ने अपने अपने क्षेत्रों में कनेक्शन देने की प्रक्रिया शुरू की। जिसके तहत 10,802 आवेदकों में से 6791 को निजी बिजली वितरण कंपनियों ने बिजली कनेक्शन प्रदान कर दिए हैं और शेष आवेदनों को भी जल्द निपटा दिया जाएगा। बता दें कि दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) की एक पॉलिसी के चलते हजारों उपभोक्ताओं को नया बिजली कनेक्शन नहीं मिल पा रहा था। जिसके बाद मामला एलजी के सामने आया और तमाम बैठकों व नीति, नियमों की समीक्षा की गई। जिसके बाद एलजी सक्सेना ने निर्देश दिए कि लंबित पड़े सभी आवेदकों को बिजली के कनेक्शन दिए जाए। उसके बाद ही नए कनेक्शन लगने शुरू हुए है।


**हरियाणा सरकार** **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक | एमडीयू - सीपीएएस गुरूग्राम में गेस्ट हाउस के लिए फर्नीचर अर्थात डबल बैड, गद्दे, तकिये, स्टडी टेबल, चेयर्स, मीडिया यूनिट इत्यादि का प्रावधान, एक वर्ष हेतु एमडीयू परिसर रोहतक के लिए एवरग्रीन /ऑर्नामेंटल प्लांट्स, एवेन्यू / ट्रेडिशनल प्लांट्स, फ्रूट्स प्लांट्स, हैजेज, सीजनल फ्लावर्स सैंप्लिंग्स (सर्दी और गर्मी) और क्लाइम्बर्स / क्रीपर्स इत्यादि समेत विभिन्न पौधों की खरीद के लिए दर अनुबंध। | 11.11.2024 02.12.2024 | 18 लाख | https://mdurohtak. https://works.haryana.gov.in & etenders.hry.nic.in | 9991366698 xen.civil@mdurohtak.ac.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/60/30253/I/88/7 दि. 12.11.24


### गैंग के शूटरों को हथियार और फंडिंग करवाता था मुहैया

# नंदू गैंग का शातिर बदमाश शिवम उर्फ भोला गिरफ्तार

- आरोपी फायरिंग की दो वारदातों में रहा शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

स्पेशल सेल ने कपिल सांगवान उर्फ नंदू गिरोह के कुख्यात बदमाश शिवम उर्फ भोला को गिरफ्तार किया है। 6 नवंबर को पश्चिम विहार के एक एक डिपार्टमेंटल स्टोर और छावला में एक कार शोरूम पर फायरिंग की वारदात में इसकी सक्रिय भूमिका बताई जाती है। बदमाश के पास से एक पिस्टल और तीन कारतूस बरामद हुये हैं।

डीसीपी अमित कौशिक के अनुसार मंगलवार को भोला निवासी रोहतक को नजफगढ़ इलाके से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ करने पर इसने बताया कि वह राहुल बाबा गिरोह का सदस्य है और उसका नंदू गिरोह



के साथ भी गठजोड़ है। पश्चिम विहार और छावला फायरिंग में शामिल शूटरों को परिवहन और वित्तीय सहायता प्रदान करने में उसकी विशेष भूमिका थी। इससे पूछताछ में कपिल द्वारा विदेश से चलाए जा रहे जबरन वसूली रैकेट के तौर-तरीकों की जानकारी हासिल हुई है।

### वाहनों में आग लगाने वाले तीन नाबालिग दबोचे

**नई दिल्ली।** शाहदरा इलाके में गत दिनों वाहनों में आग लगाने के केस में तीन नाबालिगों को पकड़ा गया है। इन्होंने दूसरे गुट से बदला लेने के लिए आधी रात को इस घटना को अंजाम दिया था। सीसीटीवी कैमरों की मदद से पुलिस आरोपियों तक पहुंची। डीसीपी प्रशांत गौतम के अनुसार यह घटना 6 नंवबर को गज्जू कटरा में आधी रात के समय हुई थी। दरअसल कुछ लड़कों के बीच झगड़ा हो गया था। बाद में उसी रात लगभग 2:30 बजे उनमें से कुछ वापस आये और चांद तारा मस्जिद के पास खड़े वाहनों में आग लगा दी। इस घटना में दो स्कूटी और दो बाइक जलकर खाक हो गई थी। सीसीटीवी फुटेज के विश्लेषण के बाद इस घटना में शामिल आरोपियों की पहचान की गई और तीनों नाबालिगों को पकड़ लिया गया। पुलिस द्वारा सभी आवश्यक कानूनी प्रक्रियाएं पूरी करने के बाद उन्हें परिवारों को सौंप दिया गया।


**पर्ल पॉलिमर्स लिमिटेड** PET JARS BOTTLES

CIN No. L25209DL1971PLC005535
पंजीकृत कार्यालय : ए-97/2, ओखला औद्योगिक क्षेत्र, फेस-II, नई दिल्ली - 110020, भारत
टेलीफोन नंबर: +91-11-47385300, फैक्स: +91-11-47480746
ईमेल: pearl@pearlpet.net, वेब: www.pearlpet.net

**30 सितंबर, 2024 को समाप्त तिमाही और छमाही के लिए अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का सारांश**

(रुपये लाख में)

| क्रम सं. | विवरण | तिमाही समाप्त 30.09.2024 अलेखापरीक्षित | तिमाही समाप्त 30.06.2024 अलेखापरीक्षित | तिमाही समाप्त 30.09.2023 अलेखापरीक्षित | अर्ध वर्ष समाप्त 30.09.2024 अलेखापरीक्षित | अर्ध वर्ष समाप्त 30.09.2023 अलेखापरीक्षित | वर्ष समाप्त 31.03.2024 लेखापरीक्षि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) |
| 1 | परिचालन से कुल आय (शुद्ध) | 679.05 | 844.40 | 516.18 | 1,523.45 | 1,178.81 | 2,435.88 |
| 2 | अवधि के लिए शुद्ध लाभ / (हानि) (कर और अपवादात्मक मदों से पहले) | 23.18 | 129.24 | 1.21 | 152.42 | 44.25 | 32.71 |
| 3 | अवधि के लिए शुद्ध लाभ / (हानि) कर से पहले (असाधारण मदों के बाद) | 23.18 | 129.24 | 1.21 | 152.42 | 44.25 | 32.71 |
| 4 | अवधि के लिए शुद्ध लाभ / (हानि) कर के बाद (असाधारण मदों के बाद) | 23.18 | 129.24 | 13.31 | 152.42 | 56.35 | 65.41 |
| 5 | अवधि के लिए कुल व्यापक आय [अवधि के लिए लाभ / (हानि)(कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद)] | 23.18 | 129.24 | 13.31 | 152.42 | 56.35 | 51.41 |
| 6 | इक्विटी शेयर पूंजी | 1,682.68 | 1,682.68 | 1,682.68 | 1,682.68 | 1,682.68 | 1,682.68 |
| 7 | रिजर्व (पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर) जैसा कि पिछले वर्ष की लेखापरीक्षित बैलेंस शीट में दिखाया गया है | | | | – | – | 2,172.60 |
| 8 | प्रति शेयर आय (10/- रुपये प्रत्येक) (जारी और बंद परिचालन के लिए) | | | | | | |
| | 1. मूल | 0.14 | 0.77 | 0.08 | 0.91 | 0.33 | 0.39 |
| | 2. पतला | 0.14 | 0.77 | 0.08 | 0.91 | 0.33 | 0.39 |

नोट:
ऊपर सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियमन, 2015 के विनियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजों के साथ दायर किए गए असंबद्ध तिमाही और अर्ध वर्ष के वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक अंश है। 30 सितंबर, 2024 को समाप्त तिमाही और अर्ध वर्ष के लिए असंबद्ध वित्तीय परिणामों का पूरा प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइटों: www.nseindia.com, www.bseindia.com और कंपनी की वेबसाइट: www.pearlpet.net पर उपलब्ध है।

पर्ल पॉलिमर्स लिमिटेड के लिए
हस्ताक्षरकर्ता/-
उदित सेठ
अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक
डीआईएन 00005403

स्थान: नई दिल्ली
दिनांक: 12 नवंबर, 2024